राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

दिनांक : 20.07.2018

सहायक कारापाल प्रतियोगी परीक्षा, 2013 में आयोग द्वारा दिनांक 24.01.2017 को साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल घोषित किये गये भरतपुर/धौलपुर के जाट अभ्यर्थियों को जिन्होने अपने ऑन लाईन आवेदन पत्र में ओ.बी.सी. वर्ग भरा था, परन्तु पात्रता जॉच के समय उक्त अभ्यर्थियों को तत्समय ओ.बी.सी. वर्ग से सामान्य वर्ग माना गया था। अब कार्मिक (क–2) विभाग के पत्र दिनांक 17.05.2018 व आयोग के निर्णय दिनांक 24.05.2018 के क्रम में भरतपुर/धौलपुर के जाट समुदाय के अभ्यर्थियों को अन्य पिछड़ा वर्ग में सम्मिलित किया जाना है। अतः उक्त (केवल दिनांक 24.01.2017 को साक्षात्कार हेतु अस्थाई रूप से सफल घोषित किये गये भरतपुर/धौलपुर के जाट अभ्यर्थी) अभ्यर्थी यदि अपना वर्ग परिवर्तन (सामान्य से अन्य पिछड़ा वर्ग) कराना चाहते है, तो वे अपना अभ्यावेदन मय नवीनतम अपिजा प्रमाण पत्र के दिनांक 27.07.2018 सायं 06.00 बजे तक प्रस्तुत करें। उक्त दिनांक के पश्चात् प्राप्त अभ्यावेदनों पर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जावेगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

सचिव